तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

13 साहित्यकारों के सम्मान से मजबूत होगी धमतरी की ...





14 देवांगन समाज के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह...





[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



## खबर संक्षेप

### रूद्री में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजन की तैयारी जोरों पर



**धमतरी।** 29 जुलाई बुधवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धमतरी रूद्री के समस्त शिष्य -मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरुशंकराचार्य जी के कृपा पात्र शिष्य गुरुदेव राम प्रताप शास्त्री संस्थापक श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ सेवा संस्थान विशेष रूप से अनेक विद्वानों के साथ उपस्थित रहेंगे। गुरुदेव के सानिध्य में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक गणपति पूजन एवं महा रुद्राभिषेक होगा, इसके पश्चात 11 से 1 तक व्यास पूजन, गुरु पूजन भजन कीर्तन, सुंदरकांड का पाठ होगा। तत्पश्चात 1 बजे से महा आरती होगी और दोपहर 1:30 से महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है। इस महोत्सव में गुरुदेव श्री के अनेक जिलों में निवासरत शिष्यवृंद का धमतरी में आगमन होगा। गुरु पूर्णिमा के इस पावन दिन को महोत्सव के तरह आयोजित करने के लिए धमतरी एवं रूद्री के समस्त शिष्य प्रकाश नारायण श्रीवास्तव, नागेश्वर मौर्य, योगेंद्र साहू, नरेन्द्र साहू सुनील साहू, पूषण सिन्हा, चन्द्र प्रकाश नायर, लेखराम साहू , तरुण डड़सेना, चेतन सिन्हा, ऋषभ यादव एवं अन्य साथीगण सपरिवार आयोजन की तैयारी में जुटे हुए है। शिष्य वृंदों ने समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### गुरु पूर्णिमा समर्पण महोत्सव 29 को



**आमदी(धमतरी)।** गुरु पूर्णिमा समर्पण महोत्सव आयोजक मंडल के द्वारा जैनम मानस भवन रायपुर में 29 जुलाई को आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्री आनंदम धाम के पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज आगमन 28 जुलाई को रायपुर में हो रहा है। साथ ही उनके आगमन पर उनके शिष्य एवं श्रद्धालु बड़े उत्साहित हैं। गुरुदेव के आगमन पर राजधानी रायपुर में भव्य स्वागत और जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाला जाएगा। वहीं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को गुरुदेव के द्वारा गुरुपाद एवं पूजन किया जाएगा। साथ ही अपने शिष्यों और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। वहीं सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक गुरु पूर्णिमा पर विशेष प्रबोधन होगा। आयोजक मंडल ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनावे।

# रेत की किल्लत से भवन निर्माण पर ब्रेक, अवैध परिवहन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रेत की किल्लत से भवन निर्माताओं की परेशानी बढ़ गई है। रेत के दाम आसमान छू रहे हैं, जिसके चलते मकान, निजी आवास सहित अन्य निर्माण कार्य तो लगभग बंद हो गया है। उधर बारिश के मौसम में पूरे चार माह तक रेत के दाम कम होने की उम्मीद भी कम है।

रेत के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के शासन प्रशासन ने फाइन का रेट बढ़ा दिया है। पहले रेत के अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर वाहन मालिक से 2-5 हजार रुपए का फाइन लिया जाता था। इसके बाद इसे बढ़ाकर 10-11 हजार कर दिया गया। फाइन बढ़ने के बाद भी रेत का अवैध कारोबार नहीं थमा। परिवहनकर्ता थोड़ा सावधान होकर रेत की चोरी कर रहे थे। स्थिति को देखते हुए फाइन और बढ़ा दिया गया है। अब कोई गाड़ी रेत का अवैध परिवहन करते मिलता है तो 27 हजार रुपए तक फाइन लिया जाएगा। इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। कई ट्रैक्टर संचालकों ने तो गाड़ी को रेत परिवहन में चलाना ही छोड़ दिया है। वहीं कई वाहन मालिक ज्यादा सावधान होकर रेत निकाल रहे हैं। यहीं नहीं फाइन मैनेज करने के लिए उन्होंने रेत के दाम भी बढ़ा दिए है। प्रति ट्राली 4 सौ रुपए तक बढ़ोत्तरी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बढ़ोत्तरी तो 6-7 सौ रुपए तक हुई है। रेत की स्थिति देखते हुए कई भवन निर्माताओं ने काम ही रोक दिया है।

### अवैध परिवहन करने वाले लोगों को प्रशासन ने लगाया तगड़ा फाइन



#### रेत परिवहनकर्ता करते हैं रेकी

रेत परिवहनकर्ताओं ने कार्रवाई से बचने के लिए खनिज विभाग के अधिकारियों की रेकी शुरू कर दी है। ग्रुप बनाकर सुबह से वे अधिकारी के निवास, कलेक्टोरेट सहित अन्य संभावित स्थान पर नजर रखना शुरू कर देते हैं, जहां से अधिकारी कार्रवाई के लिए निकलते हैं। खनिज विभाग की टीम जैसे ही वाहन में सवार होती है, वे पीछा करते हैं। टीम कहां जा रही है, इसकी खबर वाट्सएप ग्रुप में शेयर कर देते हैं। जैसे ही टीम खदान की ओर मुड़ती है। सभी वाहन चालक अलर्ट होकर गाड़ी निकाल देते हैं।

### लोकल बसों में पुरानी दरें बरकरार

# लक्जरी बसों के बढ़े किराये से यात्रियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी-रायपुर और बस्तर मार्ग पर संचालित कई लक्जरी बसों में किराया बढ़ाए जाने से यात्रियों में असंतोष बढ़ने लगा है। यात्रियों का कहना है कि समान दूरी तय करने के बावजूद लक्जरी बसों में सामान्य बसों की तुलना में अधिक किराया लिया जा रहा है। दूसरी ओर लोकल बस संचालकों का कहना है कि वे अब तक शासन के किसी नए आदेश के अभाव में पुराने किराये पर ही यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। बढ़े हुए किराये को लेकर अब यात्रियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग भी शुरू कर दी है।

यात्रियों का मानना है कि परिवहन विभाग और संबंधित अधिकारियों को बस किराये की नियमित समीक्षा कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। इससे एक ओर यात्रियों को राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर बस संचालकों और यात्रियों के बीच किराये को लेकर उत्पन्न होने वाले विवादों की स्थिति भी समाप्त हो सकेगी। यात्रियों ने मांग की है कि सभी बसों में स्वीकृत किराया सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए तथा निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने वाले संचालकों पर ▶▶ शेष पेज 13 पर





#### लोकल बसों में पुराना किराया, लक्जरी बसों में अतिरिक्त वसूली पर सवाल

धमतरी से रायपुर तथा रायपुर से धमतरी के बीच प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। इस मार्ग पर दिन और रात दोनों समय लक्जरी बसों का संचालन होता है। यात्रियों का आरोप है कि इन बसों में सामान्य बसों की तुलना में करीब 50 रुपये अधिक किराया लिया जा रहा है, जबकि अधिकांश सुविधाएं लगभग समान हैं। कई यात्रियों का कहना है कि अधिक किराया देने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिलतीं। जानकारी के अनुसार धमतरी से रायपुर तक लोकल बसों का किराया अभी भी 100 रुपये लिया जा रहा है, जबकि कई लक्जरी बसों में दिन के समय लगभग 150 रुपये और रात्रिकालीन सेवाओं में 200 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि किराये में इस अंतर को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी या आधिकारिक सूचना भी उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे भ्रम की स्थिति बनी रहती है।

#### यात्रियों ने प्रशासन से की हस्तक्षेप की मांग

यात्री कमल सोन, नीलिमा चौबे, ममता साहू, मनोज कतलाम आदि का कहना है कि एक्सप्रेस या लक्जरी सेवा के नाम पर अतिरिक्त किराया वसूला जा रहा है, लेकिन कई बार सुविधाएं अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं मिलतीं। कुछ यात्रियों ने यह भी शिकायत की कि रात्रिकालीन बसों में अधिक किराया लेने के बावजूद यात्रियों को निर्धारित सीट उपलब्ध नहीं कराई जाती। ऐसे मामलों में संबंधित विभाग द्वारा नियमित जांच किए जाने की मांग उठ रही है। शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि धमतरी से रायपुर तक किराये में बड़ा अंतर यात्रियों के लिए चिंता का विषय है। उनका कहना है कि यदि अतिरिक्त किराया लिया जा रहा है तो उसके अनुरूप सुविधाएं और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत प्रस्तुत की जाएगी।

# नशे के कारोबारियों की 36 लाख की सम्पत्ति फ्रीज

- पुलिस का नशे के कारोबारियों पर आर्थिक प्रहार, मुंबई सफ़ेमा कोर्ट ने नशे से अर्जित अवैध संपत्ति फ्रीज करने का आदेश किया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पुलिस नशे के कारोबारियों को पूरी तरह से नेस्तनाबूत करने में जुट गई है। पुलिस न केवल नशे का कारोबार बंद करवा रही है बल्कि इस कारोबार से कमाई गई सम्पत्ति भी फ्रीज कर रही है। दो नशे के कारोबारियों के 35 लाख 38 हजार की सम्पत्ति जब्त की गई है। जब्त सम्पत्ति में न सिर्फ नशे के कारोबारी के नाम की सम्पत्ति है, बल्कि रिश्तेदारों के नाम पर अवैध कारोबार के रुपयों से खरीदी गई सम्पत्तियां भी है। इस कार्रवाई के बाद नशे के अन्य कारोबारी भी दहशत में हैं और अपनी सम्पत्तियों को गुप्त रखने की कोशिश में जुट गए हैं।

जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धमतरी पुलिस ने नशे के कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी एवं प्रभावी आर्थिक कार्रवाई की है। धमतरी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई को गिरफ्तारी और न्यायालयीन प्रकरणों तक सीमित नहीं रखा है, मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों को चिन्हांकित कर उसे फ्रीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक धमतरी एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा विस्तृत जांच, वित्तीय विश्लेषण एवं उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों की सम्पत्तियों की जानकारी एकत्रित की गई। जांच में बैंक खातों, फिक्स्ड डिपॉजिट, बीमा योजनाओं, वाहनों एवं अचल संपत्तियों में निवेश की जानकारी सामने आई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट 1985 कह धारा 68 एफ के तहत इन सम्पत्तियों को फ्रीज कर दिया तथा प्रकरणों को सक्षम प्राधिकारी सफेमा/एनडीपीएसए मुंबई के समक्ष प्रस्तुत किया।

#### नशे का सामान बेचकर कमाए 35 लाख 63 हजार की सम्पत्ति फ्रीज

पहला प्रकरण आरती रजक पति स्व. राम रजक का है। उसके बैंक खातों एवं निवेशित राशि की जांच में कुल 12 लाख 93 हजार 636.76 रूपये मूल्य की संपत्ति मिली, जिसे फ्रीज की गई। फ्रीज की गई संपत्तियों में बैंक खातों, फिक्स्ड डिपॉजिट एवं अन्य वित्तीय निवेश शामिल हैं। दूसरा मामला करण सिंह धुरी का है। इस मामले में पुलिस ने करण सिंह के साथ उसकी पत्नी उषा बाई धुरी एवं पुत्री जाइका धुरी से संबंधित बैंक खातों, वाहन एवं अचल संपत्तियों की जांच की, जिसमें 22 लाख 91 हजार 479.75 रूपये मूल्य की संपत्ति मिली। इन सम्पत्तियों को फ्रीज कर दी गई है। दोनों ही मामलों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रकरण में उपलब्ध दस्तावेजों, साक्ष्यों एवं अभिलेखों का परीक्षण किया गया। संबंधित पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद संपत्तियों के वैध आय स्रोत के संबंध में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी सफेमा/एनडीपीएसए, मुंबई द्वारा दिनांक 23 जुलाई को थाना सिटी कोतवाली धमतरी के फ्रीजिंग आदेश की पुष्टि कर दी गई। 35 लाख 85 हजार 116.51 रूपये की संपत्ति फ्रीज की गई है।

#### सिर्फ कारोबार नहीं रोकेंगे सम्पत्ति भी छीन लेंगे

पुलिस ने बताया कि नशा का कारोबार पूर्णतः बंद करने के लिए कारोबार पर कार्रवाई करने के साथ इस कारोबार से कमाई गई सम्पत्ति छिनना भी जरूरी है। इस कड़ी में नशे के कारोबारियों की चल-अचल संपत्ति फ्रीज की गई है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर यह पाया गया कि संबंधित संपत्तियां अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उससे अर्जित आय से जुड़ी हुई हैं। अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। धमतरी पुलिस ने अपील की है कि मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन, संग्रहण अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### हल्की-मध्यम के साथ भारी बारिश की चेतावनी

# बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का बना सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के प्रभाव से अगले चार दिनों तक प्रदेश में मानसून गतिविधियां सक्रिय रहेगी। 27 और 28 जुलाई को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे सटे उत्तरी उड़ीसा-पश्चिम बंगाल की तटों पर बना कम दबाव का क्षेत्र अब एक अवदाब में बदल गया है। 24 घंटो में यह गहरे अवदाब में बदलने के साथ उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की तटों को पार करने की संभावना है। मौसम सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी पर बना सिस्टम लो प्रेशर के केटेगिरी पर पहुंच गया है। यह



सोमवार सुबह तक एक डिप्रेशन का रूप ले सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह इस मानसून का सबसे बड़ी सिस्टम होगा। यह छत्तीसगढ़ के साथ साथ मध्य भारत में तूफानी बारिश देगा। सबसे ज्यादा सरगुजा संभाग में इस प्रभाव का देखा जा सकता है।

# पीएम आवास योजना की सूची से हजारों नाम हटने से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची जारी होने के बाद धमतरी जिले की कई ग्राम पंचायतों में असंतोष का माहौल है। सर्वे में शामिल हजारों हितग्राहियों के नाम अंतिम सूची में नहीं आने से ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। कई स्थानों पर सरपंच और रोजगार सहायक पर नाम हटाने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि प्रशासन का कहना है कि पात्रता का निर्धारण निर्धारित मानकों और सत्यापन के आधार पर किया गया है।

#### 369 पंचायतों में सूची को लेकर उठे सवाल

धमतरी जिले की 369 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2024 के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए व्यापक सर्वे कराया गया था। इस दौरान 84 हजार 439 लोगों ने आवेदन प्रक्रिया में भाग लिया।



कुछ हितग्राहियों ने स्वयं आवेदन किया, जबकि अधिकांश का सर्वे पंचायतों के माध्यम से पूरा कराया गया। अंतिम सत्यापन के बाद 73 हजार 138 हितग्राहियों को पात्र माना गया, जबकि 11 हजार से अधिक लोगों के नाम सूची से बाहर हो गए। इसके बाद कई पंचायतों में विवाद की स्थिति बन गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र होने के बावजूद उनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं। कई जगहों पर इस संबंध में सरपंच और रोजगार सहायक पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

#### शिकायतों की जांच शुरू पात्रों को मिलेगा लाभ

सूची से नाम हटने के बाद जिले की 10 से अधिक ग्राम पंचायतों से जिला पंचायत, जनपद पंचायत और कलेक्ट्रेट में शिकायतें पहुंची हैं। प्रशासन ने इन शिकायतों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार कई आवेदन तकनीकी या पात्रता संबंधी कारणों से निरस्त हुए हैं। सर्वे के दौरान कुछ आवेदकों ने आवश्यक जानकारी अधूरी छोड़ी, कई मामलों में पक्के मकान की तस्वीरें अपलोड की गईं, जबकि कुछ आवेदन निर्धारित मापदंडों पर खरे नहीं उतरे। सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। आगामी चरण में मिलने वाले नए लक्ष्य के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की जानकारी संबंधित कार्यालय में दर्ज कराएं।

### हरीभरी पहाड़ियों से घिरे गंगरेल बांध में नजरों को मिल रहा नजारा

# गंगरेल बांध का प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को कर रहा है आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वर्षाकाल में गंगरेल का प्राकृतिक सौंदर्य और खूबसूरत हो गया है। हरीभरी पहाडियों से घिरे गंगरेल बांध का नजारा लेने सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी है। रविवार को हजारों की संख्या में पहुंचे पर्यटकों ने मिनी गोवा का लुत्फ उठाया, वहीं स्टे के लिए बरदिहा लेक व्यू रिजार्ट में एडवांस बुकिंग चल रही है।

प्रदेश का सबसे लंबा बांध गंगरेल इन दिनों पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। रायपुर, भिलाई, बालोद, महासमुंद जिला सहित आसपास जिले से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। रायपुर से सपरिवार गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंचे राजेश जायसवाल ने बताया कि प्रदेश पर्यटन में गंगरेल का अलग पहचान है। उन्होंने बताया कि रिजार्ट में नाइट स्टे कर सुबह मां अंगारमोती का दर्शन लाभ लिया। मिनी गोवा में वाटर स्पोर्टस का मजा लेने के बाद सत्कार सरोवर/मचान हट में जंगल ट्रेल किया, जहां उन्हें विभिन्न प्रजाति के पौधे, वृक्षों की जानकारी मिली।





श्री जायसवाल का कहना है कि गंगरेल बांध में मौजूद ठेमली आईलैंड विकसित होने के बाद गंगरेल पर्यटन में बूम आ जाएगा। दुर्ग जिले से पहुंचे लिमजा परिवार के भूपेंद्र कुमार ने कहा कि गंगरेल पर्यटन का और विस्तार करना चाहिए। बांध साइड के गार्डनों तक जाने के लिए प्रशासन को व्यवस्था देना चाहिए। इससे ईरिक्शा के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

#### गंगरेल में पानी की आवक जारी

रविवार को गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया से 925 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है। वर्तमान में गंगरेल बांध का जलभराव 49 प्रतिशत है। इसके अलावा परियोजना के अन्य बांधो में पानी की आवक जीरो है। माड़मसिल्ली में 51 प्रतिशत, दुधावा में 74 प्रतिशत तथा सोंढूर में 68 प्रतिशत जलभराव है।

#### जंगल में हाथियों की आमद थमी

पिछले कुछ माह से जिले के जंगल में हाथियों की आमद नहीं हो रही है। सन 2021 से जिला के जंगल में हाथियों का आना जाना लगातार बना रहा, लेकिन कुछ माह से हाथियों ने अपना मुंह मोड़ लिया है। वनविभाग के अधिकारी की माने तो यहां एक, दो की संख्या में नर हाथी की आमद ज्यादा होता है। संभावना है कि इन्हें मादा हाथी मिल गया होगा, जिससे उनकी आमद नहीं हो रही है।

#### हर्बल गार्डन में औषधि पौधों का रोपण

गंगरेल पर्यटन से लोगों को औषधि पौधों के प्रति जागरुक बनाने वनविभाग औषधि गार्डन तैयार किया जा रहा है। डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि 35 लाख रुपए की लागत से बनने वाली औषधि गार्डन तार फेंसिंग, पाथवे कम्पलीट हो गया है। सतावरी, हर्रा, बेहड़ा, केऊकंद, पारिजात, आंवला, अमलताश के पौधे रोपे जा चुके है। करीब 100 प्रकार के औषधि पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के अन्य जिलों के अलावा बाहर से लाने आर्डर किया जा रहा है।

# विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों को लेकर सर्व आदिवासी समाज की बैठक 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

छग सर्व आदिवासी समाज तहसील कुरूद (जिला धमतरी) द्वारा आगामी विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त 2026) के आयोजन एवं समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए 28 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12 बजे आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में ध्रुव गोंड समाज, कंवर समाज, नगारची समाज, कंडरा समाज, पारधी समाज सहित अन्य सभी आदिवासी समाजों के तहसील एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी तथा समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। बैठक में 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जाएगा। इसके साथ ही आदिवासी धर्म कॉलम एवं जनगणना, आय-व्यय की समीक्षा, समाज के संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक गतिविधियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में आवश्यक प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। बैठक को सफल बनाने की अपील कुरूद तहसील अध्यक्ष देवनाथ नेताम ने की है।

## खबर संक्षेप





### जोरातराई में सुनी गई मन की बात

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अ मंडल भखारा, विधानसभा कुरूद,जिला धमतरी छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 136 वां मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर गोविंद सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी कोलियारी, प्रकाश तारक हाई स्कूल अध्यक्ष, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, रामजी तारक बूथ अध्यक्ष, गोपाल राजपूत, प्रकाश निषाद, हरिश्चंद्र तारक, बालमुकुंद साहू, घनश्याम साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### विवेक संघवी



**धमतरी।** भरत दामोदरदास संघवी के पुत्र विवेक संघवी (39 वर्ष) का 26 जुलाई रविवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे नरेश दामोदरदास संघवी के भतीजे, हेतल प्रकाश संघवी, लिखेश प्रकाश संघवी, पार्थ नरेश संघवी के भाई एवं माधवन के पिताजी थे। उनकी अंतिमयात्रा आज दिनांक 27 जुलाई सोमवार को सुबह 8:00 बजे गुजराती कॉलोनी स्थित निवास स्थान से शांतिघाट के लिये निकलेगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### सेतबन सिन्हा



**अमलीडीह।** ग्राम सेमरा(सिलौटी) निवासी सेतबन सिन्हा का 80 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन दिनांक 26.7.2026 दिन रविवार को हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे श्रीमती बुधियारिन बाई के पति एवं रोमसिंग सिन्हा, पीलू राम सिन्हा, होरी लाल सिन्हा के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए।

# भखारा में बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर एवं रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 30 जुलाई 2026 तक अम्बेडकर मांगलिक भवन, भखारा में किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ झंडारोहण पश्चात गरिमामय वातावरण में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि हरख जैन एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, डोमेंद्र गंगबेल सहित स्काउट-गाइड संगठन के पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि स्काउट-गाइड अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का

**स्काउट गाइड सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति सिखाता है : हरख**





सशक्त माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं तथा समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संस्कार प्रदान करते हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट-गाइड का मूल मंत्र सेवा और समर्पण है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होता है।

इस अवसर पर अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सफल प्रशिक्षण की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड के पदाधिकारियों ने शिविर की रूपरेखा एवं प्रशिक्षण की जानकारी दी तथा सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। आयोजन में छत्तीसगढ़ के लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। बिना किसी सुविधा के सामान्य प्रशिक्षु की भांति प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### संगठन को मजबूत करने दिए सुझाव, कांग्रेस के कई वक्ताओं ने किया संबोधित

# नगरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी ब्लाक अध्यक्ष अनवर रजा के नेतृत्व मे नगरी में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां वरिष्ठ कांग्रेसी, जोन, बूथ, महिला कांग्रेस, सेवा दल, सरपंचों, जनपद सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक मौजूद रहे। जहां बूथ को संगठन को मजबूत करने ज्यादा से ज्यादा महिला कार्यकर्ताओं को जोड़ने व अपने ग्राम स्तर पर हर समस्याओं के लिये आवाज उठाने व समस्या का समाधान करने प्रेरित किया गया । उल्लेखनीय है कि सिहावा विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेसियों में अक्सर संगठन को लेकर चर्चाएं होती थी। जहां कांग्रेसी कार्यकर्ता हर समय संगठन की एकता पर प्रश्नचिन्ह लगाते थे, जिसे देखते हुए नव





निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष अनवर रजा ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन से कांग्रेसियों की नाराजगी दूर हुई। साथ ही कार्यकर्ता सम्मान पाते ही खुशी से झूम उठे। आम कार्यकर्ता से लेकर जनप्रतिनिधियों का सम्मान हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष विरेश ठाकुर ने कहा कि ये व्यक्ति पूजा है जिस तरह आज हर कार्यकर्ताओं का सम्मान हो रहा है निश्चित ही आने वाले चुनाव में अब हमें केन्द्र और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनानी है। आज जिस तरह सारे कार्यकर्ता एकजुट हैं और उनके चेहरे पर जो खुशी है वो आने वाले चुनाव में जीत का जश्न अभी से झलक रहा। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार महिलाओं को जिस तरह प्राथमिकता देती है और उनकी सम्मान करती है ये आप सभी देख रहे हैं। भाजपा जिस तरह बेटी पढाओ बेटी बचाओ का ढिंढोरा पिट रही वो सिर्फ दिखावा है। आज जंतर मंतर दिल्ली मे भाजपा की पुलिस बेटियों के उपर लाठी बरसा रही। बेटियों को बेईज्जत किया जा रहा ये भाजपा का चरित्र है। ये सिर्फ आम उद्योगपतियो के लिये काम कर रही है।

पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी धुव ने कहा आज आम लोग इस सरकार के रवैया से त्रस्त हो गये हैं। बढती मंहगाई, बेरोजगारी, हक की बात करो तो पुलिस का सहारा लेकर कार्यवाही की जाती है। अब इनके जाने के दिन आ गये हैं और दिया बुझने से पहले बहुत फड़फड़ाता है आज भाजपा भी वैसी ही फड़फड़ा रही है। उसके भी बुझने का समय आ गया है।

इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम, अशोक सोम, स्मिता ठाकुर, धमतरी प्रभारी पी सी सी सदस्य लखन लाल ध्रुव, कैलाश प्रजापति, बिन्दा नेताम, मनोज साक्षी, छाया साहू, प्रमोद कुजाम, हनीफ अली, कैलाश प्रजापति, डीहू राम साहू, उमेश देव, कैलाश जैन, राजेन्द सोनी, अंजोर निषाद, राम भरोष साहू, भानेन्द्र ठाकुर, दौव्वालाल देवांगन, रामप्रसाद मरकाम, शिव परिहार, रवि ठाकुर, निकेश ठाकुर, सलमान रजा व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### पंचायत भवन में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नगरी।** नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायत आमगांव में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। सरपंच ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर सरपंच कमितला ध्रुव, रोजगार सहायक रोशन लाल प्रधान, शिक्षक राजेंद्र खत्री, घनानंद साहू, शैलेन्द्र गौर, कैलाश सलाम, उत्तम ध्रुव सहित ग्राम पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जनपद अध्यक्ष अंगिरा ने शहीद खिलेश को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह में वीर शहीद आईटीबीपी जवान खिलेश कुमार ध्रुव की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी अमर शहादत को नमन किया। जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद खिलेश कुमार ध्रुव ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर पूरे क्षेत्र और देश का गौरव बढ़ाया है। उनका साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे वीर सपूतों के बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता और उनके आदर्श सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में जनपद सदस्य श्रीमती सत्यप्रभा साहू, सरपंच श्रीमती रमी गौतम, सीता ध्रुव, दीपा निषाद, दिलेश्वरी, कल्याणी, घामेश्वरी ध्रुव, पंचायत प्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने भी शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# शाउमावि हसदा नं.1 में शाला प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा नं.1 में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डी.एस. नाग ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालय एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया।

शाला प्रबंधन समिति के गठन के दौरान शिवशंकर यादव को अध्यक्ष एवं कांशीराम साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। विद्यालय के प्राचार्य डी.एस.नाग को समिति का



सचिव बनाया गया। शिक्षक सदस्य के रूप में के. के. कंवर एवं श्रीमती टामलता साहू का चयन किया गया। समिति में निर्वाचित प्रतिनिधि सदस्यों के रूप में श्रीमती ईश्वरी साहू (सरपंच) एवं भूषण यादव (उपसरपंच) को शामिल किया गया। वहीं शिक्षाविद रामकुमार सेन को भी समिति में सदस्य के रूप में स्थान दिया गया। समिति के सदस्यों में श्रीमती रुखमणी साहू, जमुना पटेल, पामा साहू, महेश्वरी साहू, डामिन पटेल, जमुना पटेल, राधा ध्रुव, राजेश कुमार लहरे, भोजराम नगारची, हनुमंत साहू, टिकेश्वर साहू, संतोष कुमार सेन एवं शिवकुमार पटेल का चयन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक एवं पालक गण उपस्थित थे।

## ग्राम उड़ेना में खाद गोदाम बनाने की मांग

- उपमुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, मंडी बोर्ड को मांग पत्र सौंपा



**पुरी।** सहकार से समृद्धि लाने के लिए निरंतर छाती सोसाइटी में लाने को प्रयास किया जा रहा है ,जैसे कि चॉइस सेंटर केंद्र का संचालन, माइक्रो एटीएम का संचालन ,सहित खाद, बीज ,दवाई,दलहन तिलहन खरीदी, राशन वितरण ,धान खरीदी आदि कार्य किया जा रहा है। बढ़ते व्यवसाय को देखते हुए ग्राम छाती समिति के आश्रित ग्राम में ग्राम पंचायत उड़ेना द्वारा एक एकड़ 10 डिसमिल भूमि खाद् गोदाम, राशन दुकान एवं अन्य कार्यालय आदि के लिए प्रदान किया गया है । जिसके चलते समिति के अध्यक्ष ललित साहू ने निरंतर क्षेत्र के किसानों को सुविधा देने के लिए खाद गोदाम निर्माण हेतु शासन प्रशासन से मांग पत्र निरंतर दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहित मंडी बोर्ड रायपुर पहुंचकर मांग पत्र सौंपा गया। सभी ने बहुत जल्द खाद गोदाम बनाए जाने का आश्वासन दिया है। उक्त जानकारी नरेंद्र कुमार साहू सीईओ छाती ने दिया गया है।

# बिलासपुर महापौर पूजा विधानी का महिला मोर्चा ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बिलासपुर महापौर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा पूजा विधानी के धमतरी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला धमतरी द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की बहनों ने पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमालाओं के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। पूजा विधानी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, जनसेवा एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।



उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही विपक्षी दल के भाजपा के खिलाफ नैरेटिव को बेनकाब करने सचेत रहने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष अनीता यादव, बिथिका बिश्वास, पार्वती वाधवानी, जागेश्वरी साहू, संगीता जगताप, रुकमणी सोनकर, ज्योति साहू, रितिका यादव, सुशीला तिवारी, पवित्रा दीवान, नीलू रजक, डॉली सोनी, अंकिता मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स ने जिला अवार्ड समारोह में बटोरे अनेक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

19 जुलाई रविवार को बिलासपुर में आयोजित लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233C के जिला अवार्ड समारोह में लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। समारोह में बेस्ट अध्यक्ष का अवार्ड क्लब के तत्कालीन अध्यक्ष धनंजय किरी को तथा बेस्ट सेक्रेटरी का अवार्ड एस.डी. नानकानी को प्रदान किया गया।

क्लब द्वारा पूरे सत्र में किए गए उत्कृष्ट सामाजिक एवं सेवा कार्यों के लिए बेस्ट सेवा गतिविधियाँ का अवार्ड भी लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स को प्रदान किया गया। इसके




अतिरिक्त क्लब को 20 प्रतिशत से अधिक सदस्यता वृद्धि के लिए मेडल से सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान दो नई महिला सदस्यों को क्लब से जोड़ने के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए भी क्लब को विशेष मेडल प्रदान किया गया।

समारोह का एक और गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब सत्र 2025-26 में रीजन 6, जोन 1 के जोन चेयरपर्सन रहे मनोज सोनी को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट जोन चेयरपर्सन का प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स की ओर से वर्तमान अध्यक्ष शकुंतला साहू, कोषाध्यक्ष अंजुला सोनी ने समारोह में सहभागिता निभाई।




# समाधान एकेडमी में निजात नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड


नगर पंचायत करेली बड़ी स्थित समाधान एकेडमी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शनिवार को सटरडे स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान निजात नशा मुक्ति अभियान की टीम ने विद्यालय के विद्यार्थियों को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। कार्यक्रम में निजात अभियान के प्रमुख डॉ. मनोज साहू के साथ अभियान के अन्य सदस्य लोमश बंजारे, प्रिया ठाकुर, हमनी यादव और कृतिका




देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को तंबाकू, शराब और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि एक सशक्त और नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की जागरूकता सबसे बड़ी ताकत है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चूड़ामणि साहू ने निजात टीम का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान बच्चों के व्यक्तित्व विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

इस अवसर गोदावरी साहू, कांति निषाद, भूपेन्द्र कुमार, उत्तम साहू, जागेन्द्र साहू, भाग्यश्री साहू, उपासना यादव, ओमकार साहू, गीतेश्वरी साहू, मनोज साहू, सोहद्रा सेन और कुसुम साहू उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र रामपुर में इंट्राम्यूरल कुश्ती चैंपियनशिप का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा (भखारा)

जिला प्रशासन धमतरी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी एवं खेलो इंडिया सेंटर धमतरी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर स्थित कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र में आज शनिवार, 18 जुलाई 2026 को इंट्राम्यूरल कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।समर कैम्प बैठक के दौरान कई स्कूल द्वारा कुश्ती प्रशिक्षण हेतु मांग की गई थी, जिसकी पहल जिलाधीश अबिनाश मिश्रा एवं खेल अधिकारी पीयूष तिवारी के मार्गदर्शन में स्कूल खुलने के उपरांत की जा रही है, जिसका निरीक्षण समय समय पर एएसओ जे.पी.देव द्वारा किया जा रहा।

संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य एम. आर. मनहर, व्यायाम शिक्षक



गुलशन साहू तथा एनआईएस कुश्ती प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर के निर्देशन में संचालित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस - सत्यम हाउस, शिवम हाउस, सुंदरम हाउस एवं मधुरम हाउस के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का सफल संचालन कुश्ती प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। विभिन्न भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजवीर, सुनैना एवं लखेश्वरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल, टी-शर्ट एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू द्वारा खिलाड़ियों को नियमित कुश्ती कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी आगामी स्कूल गेम्स फेडरेशन के अंतर्गत आयोजित विकासखंड एवं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख एम. आर. मनहर, वरिष्ठ व्याख्याता आर. के. बघेल, आर. के. टंडन, एच. के. साहू, के. के. वर्मा, बी. के. निषाद, जे. के. साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डी. के. साहू, श्रीमती एस. अग्रवाल, श्रीमती जे. ध्रुव, श्रीमती एस. साहू, श्रीमती एल. सोन, एम. ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षकगण, प्रशिक्षार्थी छात्र-छात्राएँ एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल बाल संसद में हेमराज व यश निर्वाचित

**दुर्गूकोंदल।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गूकोंदल में विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नामांकन, प्रचार, मतदान और मतगणना के बाद कक्षा 12वीं कला के हेमराज बघेल शाला नायक एवं यश चुरेन्द्र शाला नायिका निर्वाचित हुए। उप शाला नायक, उप शाला नायिका सहित विभिन्न मंत्री पदों का भी चयन किया गया। प्राचार्य अजय नेताम ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता एवं सहयोग की भावना से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष अशोक जैन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्रयास विद्यालय के लिए लाची के चयन से हर्ष

**अंतागढ़।** विकासखंड अंतागढ़ के पीएम श्री हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा लाची गावड़े का चयन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुडियारी रायपुर के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लाची गावडे के पिता विश्राम सिंह गावड़े अधिवक्ता हैं, जबकि माता मंजूलता गावडे ग्राम पंचायत लामकन्हार की सरपंच हैं। उन्होंने बेटी की सफलता का श्रेय पीएम श्री हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकों के समर्पण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा नियमित मार्गदर्शन को दिया।

## जिला हिंदी साहित्य समिति ने किया साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन

# साहित्यकारों के सम्मान से मजबूत होगी धमतरी की सांस्कृतिक पहचान : रामू रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वावधान में शनिवार को साहित्य भवन में आयोजित विमोचन, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का प्रेरक संगम बना। कार्यक्रम में साहित्यिक पत्रिका प्रत्यय का विमोचन किया गया, साहित्यकारों का सम्मान हुआ तथा नगर में साहित्यकारों के नाम पर मार्गों के नामकरण की पहल को ऐतिहासिक बताया गया। समारोह में साहित्य और समाज के संबंधों पर भी सार्थक विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि साहित्यकार समाज के पथप्रदर्शक होते हैं और उनके योगदान को सम्मान देना प्रत्येक समाज का दायित्व है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से साहित्यकारों के नाम पर मार्गों का नामकरण करने का निर्णय लिया गया, जो धमतरी की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देगा। उन्होंने शहर के विकास के साथ साहित्य और संस्कृति के संरक्षण के लिए हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डुमन लाल ध्रुव ने कहा कि साहित्य समाज की आत्मा है और इसे सहेजना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अंत में समिति के सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यकार, कवि, बुद्धिजीवी और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।



### पत्रिका का विमोचन, साहित्यकारों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव एवं श्रीमती विभा चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद साहित्यिक पत्रिका प्रत्यय का विमोचन किया गया। पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा, डॉ. सरिता दोशी, राष्ट्रीय तथागत सम्मान प्राप्त साहित्यकार डुमन लाल ध्रुव, नाट्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आकाश गिरी गोस्वामी सहित अन्य साहित्यकारों का शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों के नाम पर मार्ग नामकरण के सांकेतिक बोर्ड का भी लोकार्पण किया गया।



### साहित्य और संस्कृति के संरक्षण पर दिया गया जोर

विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य समाज की चेतना, संस्कार और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नगर निगम द्वारा साहित्यकारों के नाम पर मार्गों का नामकरण किए जाने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी अपने साहित्यिक पुरोधाओं से प्रेरणा ले सकेगी। वक्ताओं ने धमतरी की समृद्ध साहित्यिक परंपरा का उल्लेख करते हुए इसे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ा।

## पेज 11 के शेष

पेज 11 के शेष

### लक्जरी बसों के बढ़े किराये से यात्रियों में नाराजगी

आवश्यक कार्रवाई की जाए। लोकल बस यूनियन के अध्यक्ष महावीर गुप्ता ने बताया कि बस संचालकों ने कुछ समय पहले परिवहन मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर डीजल और अन्य संचालन खर्च बढ़ने का हवाला देते हुए किराया संशोधन की मांग रखी थी। हालांकि अब तक शासन की ओर से कोई नया आदेश जारी नहीं हुआ है। इसी कारण यूनियन से जुड़ी बसों में पूर्व निर्धारित दरों पर ही किराया लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धमतरी से कुरूद का किराया 30 रुपये, नगरी का 75 से 80 रुपये तथा नांदगांव का लगभग 110 रुपये निर्धारित है और फिलहाल इन्हीं दरों का पालन किया जा रहा है।

# प्रधान ने सदैव युवाओं और देश की जेनरेशन-जेड की आकांक्षाओं को प्राथमिकता दी : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के पद से शनिवार को इस्तीफा देने के बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी ने श्री प्रधान के योगदान की सराहना की है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि श्री प्रधान का त्यागपत्र सार्वजनिक जीवन में उच्च नैतिक मानकों, शुचिता, राष्ट्रहित और युवा प्रथमकी भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि श्री प्रधान का संपूर्ण कार्यकाल देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और समावेशी बनाने की दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचायक रहा है। बड़े सामाजिक एवं राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए पद छोड़ने का उनका फैसला दर्शाता है कि उनके लिए पद से बढ़कर राष्ट्र सेवा और नैतिक मूल्य हैं। इस अभूतपूर्व और साहसिक निर्णय में भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि श्री प्रधान



ने अपने छात्र जीवन और छात्र आंदोलनों से लेकर शासन की उच्च जिम्मेदारियों तक हमेशा युवाओं और देश की जेनरेशन-जेड की आकांक्षाओं को प्राथमिकता दी है। शिक्षा क्षेत्र की जटिलतम चुनौतियों का सामना करते हुए भी उन्होंने हर नीति और निर्णय के केंद्र में हमेशा विद्यार्थियों के हितों को रखा। उनका यह कदम देश के युवाओं और नई पीढ़ी के प्रति संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि शिक्षा सुधार कोई अल्पकालिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसके लिए दूरदर्शिता, व्यापक विचार-विमर्श और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में शिक्षा को राष्ट्रीय विमर्श के शीर्ष पर स्थापित किया और भारत के स्वर्णिम भविष्य के लिए एक प्रगतिशील चर्चा की ठोस विरासत सौंपी है। श्रीमती चौधरी ने श्री प्रधान के दीर्घकालिक सार्वजनिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सच्चे नेतृत्व का आकलन दशकों के समर्पित कार्य से होता है। श्री प्रधान की राष्ट्र प्रथम की भावना और अनुशासन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में सदैव मार्गदर्शक बनी रहेगी। श्रीमती चौधरी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सार्वजनिक जीवन की आगामी जिम्मेदारियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त की है।

## आवारा मवेशियों के खिलाफ अभियान तेज 18 मवेशी पकड़कर अर्जुनी गौठान भेजे गए



**धमतरी।** नगर पालिका निगम धमतरी के आयुक्त अरुण कुमार वर्मा के निर्देश पर शहर में सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा मवेशियों के विरुद्ध विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम की टीम ने अंबेडकर चौक से कलेक्ट्रेट मोड़ तक अभियान चलाकर 18 आवारा मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित रूप से अर्जुनी गौठान में पहुंचाया। नगर निगम द्वारा बताया गया कि मुख्य मार्गों पर मवेशियों के विचरण करने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है तथा आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इन समस्याओं को देखते हुए निगम द्वारा नियमित रूप से धरपकड़ अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि शहर में यातायात सुचारु बना रहे और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवारा मवेशियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रखा जाए तथा प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। नगर निगम धमतरी ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें, बल्कि उन्हें घर अथवा निर्धारित स्थान पर बांधकर रखें। यदि मवेशियों को खुले में छोड़ा जाता है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भरींपारा में जलभराव और खराब सड़क से परेशानी, समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोरिद वार्ड के भरींपारा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच जलभराव और जर्जर सड़क की समस्या से स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम आयुक्त और महापौर के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। सभापति कौशिल्या देवांगन के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि समय रहते आवश्यक कार्य नहीं होने से बारिश के दौरान हालात और गंभीर हो सकते हैं।

ज्ञापन के अनुसार भरींपारा स्थित आंगनबाड़ी क्रमांक-02 के पास की गली और सार्वजनिक मार्ग हर बारिश में पानी से भर जाता है। इससे कई घरों तक पानी पहुंचने लगता है और लोगों का आवागमन भी मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सोरिद पुल की दिशा से आने वाला बारिश का पानी नाले के किनारे बने कांक्रीट सुरक्षा घेरों के बीच छोड़े गए लगभग सात से आठ फीट के खुले हिस्से से होकर सीधे बस्ती की ओर आ जाता है। इससे आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन जाती है। लोगों ने इस खुले हिस्से को स्थायी रूप से बंद कर पानी की निकासी व्यवस्थित करने की मांग की है। इसके अलावा भरींपारा नाले पर बने पुल के समीप आंगनबाड़ी क्रमांक-02 के बगल से गुजरने वाली कच्ची सड़क भी बारिश में पूरी तरह खराब हो गई है। यह मार्ग दोनों ओर की सीसी सड़कों को जोड़ता है और प्रतिदिन बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग इसी रास्ते से गुजरते हैं। क्षेत्रवासियों ने सड़क पर मुरूम या उपयुक्त सामग्री डालकर उसे समतल एवं मजबूत बनाने की मांग की है, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके। ज्ञापन में नंदलाल साहू, मनोज, उषाबाई, देवबती सिन्हा, जगन्नाथ, हरीश भिन्न, महरुराम, पुराणिक, कमलेश, प्रमेश, नरोतम, बीआर सिन्हा, हरीश सिन्हा, कान्हा सहित अन्य नागरिकों के हस्ताक्षर हैं। सभी ने नगर निगम से जल्द कार्रवाई कर भरींपारा के लोगों को राहत दिलाने की मांग की है।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### शाउमावि रामपुर में पौधरोपण

**कोर्रा(भखारा)।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के



बच्चों एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिका संस्था प्रमुख प्राचार्य एम आर मनहर के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर में संस्था प्रमुख प्राचार्य एम आर मनहर उप प्राचार्य आर के बघेल, वरिष्ठ व्याख्याता आर के टंडन, एच के साहू, के के वर्मा, बी के निषाद, जे के साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डी के साहू, एस अग्रवाल, जे ध्रुव, एस साहू, एल सोन, एम ठाकुर एवं सभी छात्र एवं छात्राए उपस्थित रहे।

### रामपुर में कबड्डी इंटरहाउस चैंपियनशिप प्रतियोगिता

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में 24 जुलाई शुक्रवार को स्कूल के चारों हाउस सत्यम हाउस, शिवम हाउस,



सुंदरम हाउस, मधुरम हाउस के खिलाड़ियों के मध्य कबड्डी इंटरहाउस इंट्रामूरल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य एम आर मनहर के मार्गदर्शन एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के नेतृत्व में किया गया। जिसमें बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में मैच संपन्न करवाया गया। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता आर के बघेल, के के वर्मा एच के साहू, बी के निषाद, जे के साहू व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डी के साहू, एस अग्रवाल, जे ध्रुव, एस साहू, एल सोन एम ठाकुर सभी का बहुत सहयोग रहा।

### आमदी में आचार्य आवर्ती वर्ग का आयोजन

**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में एक दिवसीय आचार्य आवर्ती वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग



का शुभारंभ पूजनवंदन करके किया गया। आचार्य आवर्ती वर्ग में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षण स्तर को सुधारने के लिए विभिन्न युक्तियों पर विस्तार से रूपरेखा तैयार किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जनक राम साहू, शिक्षक प्यारे लाल, नंदू राम कुम्भकार, चन्द्रहास साहू, लोमेश्वर कुमार साहू, भूमेश कुमार पटेल, प्रीतम साहू, केवल राम, लक्ष्मीनाथ, शिक्षिका उर्मिला साहू, प्रेमा साहू, लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, नर्मदा मटियारा, तारिणी साहू, तेश्वरी पटेल, लोमिका साहू उपस्थित रहे।

### सेजेश भखारा के खिलाड़ियों का जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन

**कोर्रा(भखारा)।** एसजीएफआई खेल के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जिसका आयोजन शास उच्च माध्य विद्या मंदरौद में



हुआ जिसमें सेजेश स्कूल भखारा के बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने प्राचार्य डी के चौधरी एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू और स्पोर्ट्स पर्सन नैना गोस्वामी के मार्गदर्शन में भाग लिया। जिसमें जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बालक वर्ग में डेविड अंडर 19 एवं बालिका वर्ग में दिव्यानी अंडर 17, चंचल अंडर 17, टामेश्वर अंडर 17 का चयन हुआ हैं। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डी के चौधरी एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू एवं नैना गोस्वामी और पूरे शाला परिवार ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दिया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना किया।

### ओमप्रकाश साहू को दी श्रद्धांजलि

**अंवरी।** जिला धमतरी सरपंच संघ के अध्यक्ष टिकेश्वर साहू के छोटे भाई स्वर्गीय ओमप्रकाश साहू (छोटू) के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा मेघा



मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, भाजयुमो सिर्री मंडल अध्यक्ष गौकरण निर्मलकर, नरेंद्र साहू तथा थानेश्वर साहू शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक-संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिकजनों एवं शुभचिंतकों ने भी स्वर्गीय ओमप्रकाश साहू (छोटू) के व्यक्तित्व एवं उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शासकीय उमावि में शाला प्रबंधन समिति का गठन



**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में कक्षा 09 वी से 12वीं तक अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। पालक सदस्य नरेंद्र कुमार सिन्हा एवं चंद्रहास ध्रुव के द्वारा मोहन लाल चक्रधारी को अध्यक्ष बनाने सर्वसम्मति से सहमति से विद्यालय के एस एम सी के अध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार देव नंदिनी को समिति के उपाध्यक्ष बनाया गया। समिति के अन्य सदस्य में दीपा ध्रुव, द्रोणी कंवर, दुर्गा साहू, ईश्वरी ध्रुव, मुकेश कुमार दीवान, धनपत राम सोरी, नरेंद्र कुमार, चंद्रहास ध्रुव, विशाखा निषाद, कौशल्या बाई, स्थानीय निर्वाचन समिति से लिलेश सुरेश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, यादराम गायकवाड पार्षद, रुक्मणी सिन्हा उपाध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड समिति के सदस्य बने। शिक्षाविद के रूप में झामेशवरी देवांगन अधीक्षिका आदिवासी कन्या हॉस्टल, ज्ञानेश्वर साहू अधीक्षक आदिवासी बालक हॉस्टल, शिक्षक सदस्यों में भारती मरकाम व्याख्याता रसायन, शेख रईसुद्दीन कुरैशी व्याख्याता अंग्रेजी सदस्य, समिति के सचिव प्राचार्य पनेश कुमार सेन रहे। शाला प्रबंधन समिति गठन के पश्चात समस्त सदस्यों एवं पालकों द्वारा शाला प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत 25 पौधों का रोपण किया गया।

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में शाला प्रबंधन समिति ने ली शपथ

**कुरूद**। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरूद में शनिवार को नवगठित शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के नवनिर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं समिति के सचिव डी.के. साहू ने सभी पदाधिकारियों को विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों के हितों की रक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई।
शपथ ग्रहण के बाद समिति की पहली बैठक में शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ करने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर, पालकों की सहभागिता बढ़ाने तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। समिति ने विद्यालय के समग्र विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।
समिति अध्यक्ष मनीष सारथी ने सभी के सहयोग से विद्यालय को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बनाने की बात कही। उपाध्यक्ष श्रवण साहू ने विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया, जबकि शिक्षाविद सदस्य राजेश पाण्डेय ने एसएमसी को विद्यालय, शिक्षक और पालकों के बीच मजबूत सेतु बताते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समन्वय आवश्यक बताया। कार्यक्रम में समिति सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सेमरा बी में हुई खेल प्रतियोगिता

**बगदेही(धमतरी)**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी 23 जुलाई को जिला स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य श्रीमती अंजना दुबे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को पीटीआई प्रखर श्रीवास्तव, होमेन्द्र साहू, चेतन लाल साहू, वीणा साहू एवं निर्णायक खिलेंद्र कुमार, शुभम कुमार एवं टकेंद्र कुमार साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने उच्चतम प्रदर्शन किया। जिसमें सेमरा बी के प्रतिभागी अव्वल स्थान में रहे। सह संयोजक व्यायाम शिक्षक शास उच्च माध्य विद्या सेमरा बी टेकेंद्र साहू के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**कांकेर**। नरहरपुर थाना पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 जुलाई को पीड़िता की मां ने थाना नरहरपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते शासकीय अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरी जांच में उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पुलिस द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज किए जाने पर उसने बताया कि थाना कोरर अंतर्गत ग्राम नरसिंहपुर 19 वर्षीय निवासी परमेश मंडावी ने उसे बहला-फुसलाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 157/2026 दर्ज कर बीएनएस की धारा तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत विवेचना शुरू की।

# इतवारी बाजार अपडेट : हरी सब्जियों की भरपूर आवक से दाम स्थिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लगातार हो रही बारिश का असर अब सब्जी बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में ताजी हरी सब्जियों की आवक होने से बाजार में दाम सामान्य बने हुए हैं। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है, वहीं सब्जी बाजारों में खरीदारों की चहल-पहल भी बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो आने वाले दिनों में सब्जियों के दाम में और गिरावट देखने को मिल सकती है।

इतवारी बाजार में सब्जी विक्रेता कैलाश सोनकर ने बताया कि भटा 30 रुपये, कुंदरु 40, गाजर 40, टमाटर 20 रुपये, लौकी 20 रुपये, कद्दू 30 रुपये, परवल 40 रुपये, करेला 40 रुपये, भिंडी 40 रुपये, बरबटी 50 रुपये, पत्ता गोभी 40 रुपये, शिमला मिर्च 60 रुपये, डोड़का 30 , तोरई 50 रुपये, हरी मिर्च 100 रुपये , ग्वारफली 60 , पत्तागोभी 30 मूली 20 और धनिया 150 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। इसके अलावा केला 30 रुपये प्रति किलो और कटहल 40 रुपये प्रति किलो उपलब्ध है। व्यापारियों के अनुसार पर्याप्त आवक के कारण अधिकांश सब्जियों के दाम नियंत्रण में बने हुए हैं। किराना बाजार में भी अधिकांश आवश्यक खाद्य वस्तुओं के दाम सामान्य बने हुए हैं। आलू 15 रुपये, प्याज 35 रुपये प्रति किलो, अरहर दाल 120 रुपये, मूंग दाल 110 रुपये, मसूर दाल 90 रुपये, चना दाल 50 रुपये, देसी चना 75 रुपये, काबुली चना 100 रुपये तथा उड़द दाल 120 रुपये प्रति किलो बिक रही है। लहसुन 200 रुपये, जीरा 270 रुपये, काली मिर्च 900 रुपये और रिफाइंड तेल 120 रुपये प्रति पैकेट उपलब्ध है। व्यापारियों का मानना है कि यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह बना रहा तो आने वाले दिनों में बाजार में आपूर्ति और बढ़ेगी तथा उपभोक्ताओं को और अधिक राहत मिल सकती है।

## हरी सब्जियों के शौकीनों को मिली राहत

**ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंच रही ताजी सब्जियां**

बारिश के मौसम में धमतरी शहर के प्रमुख बाजारों में स्थानीय किसानों द्वारा उगाई गई ताजी हरी सब्जियां बड़ी मात्रा में पहुंच रही हैं। सब्जी विक्रेता एवं उत्पादक कृषक नारायण सोनकर ने बताया कि आसपास के गांवों में अच्छी बारिश होने से खेतों में सब्जियों का उत्पादन बढ़ा है। इसका सीधा लाभ बाजार और उपभोक्ताओं दोनों को मिल रहा है। पर्याप्त आपूर्ति के कारण सब्जियों के दाम नियंत्रित हैं और बाजार में ताजा माल आसानी से उपलब्ध हो रहा है। खरीदार भी ताजी सब्जियों की गुणवत्ता देखकर संतुष्ट नजर आ रहे हैं।



**बाजार में खरीदारों की बढ़ी रौनक**

सब्जियों के दाम सामान्य रहने से शहर के इतवारी बाजार सहित अन्य बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। विक्रेता कैलाश सोनकर का कहना है कि पिछले कुछ दिनों की तुलना में बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है। मौसम अनुकूल रहने पर स्थानीय उत्पादन और बढ़ने की संभावना है, जिससे कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है।

## मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# देवांगन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



देवांगन धर्मशाला, दानीटोला धमतरी में धमतरी मंडल देवांगन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समाज के वरिष्ठजनों एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज की एकता, सेवा एवं विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर जगदीश (रामू) रोहरा थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय देवांगन, अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व संरक्षक छत्तीसगढ़ प्रदेश देवांगन समाज कुंजलाल देवांगन, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश देवांगन समाज रामगोपाल देवांगन, महासचिव जयलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन एवं विधिक सलाहकार मोहित देवांगन उपस्थित रहे।

अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा भरत देवांगन, संजय देवांगन, विशु देवांगन, अज्जु देशलहरे तथा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती वेदिका देवांगन उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें समाज के हित में निष्ठा, पारदर्शिता और सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि देवांगन समाज अपनी मेहनत, संस्कार, संगठन और सामाजिक समरसता के लिए पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखता है। समाज तभी आगे बढ़ता है जब उसके पदाधिकारी सेवा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। नव निर्वाचित टीम निश्चित रूप से समाज को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, महिला सहभागिता और सामाजिक एकता पर विशेष ध्यान देकर समाज विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है।

कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने महापौर रामू रोहरा का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। समाज की ओर से उनके प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग के लिए प्रशंसा व्यक्त की गई।

समारोह का समापन समाज की एकता, संगठन और विकास के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं, युवा कार्यकर्ता एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

# जिला परिषद की बैठक में बनी वार्षिक कार्य योजना



■ धमतरी जिला स्काउट गाइड करेगा उल्लेखनीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला परिषद धमतरी की वार्षिक बैठक 21जुलाई को बीआरसी भवन धमतरी में आयोजित की गई। बैठक भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू की अध्यक्षता एवं जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा व जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जिला सचिव सोहनलाल साहू ने सत्र 2025-26 का आय व्यय का विवरण सदन के समक्ष रखा जिस पर चर्चा की गई। तत्पश्चात वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की गई जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही बैठक में नवीन बैज खरीदी पर भी विचार किया गया, जिला रैली, तृतीय सोपान शिविर तथा बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन कैंप आदि के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।

समस्त पदाधिकारियों ने उत्साह, सक्रियता पूर्वक अपने विचार बैठक में रखे व सर्वसम्मति से स्काउट गाइड के क्षेत्र में जिले को अग्रणी बनाने की कार्य योजना बनी।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कृष्णा राम साहू, जितेंद्र कुमार साहू, वनिता मगर, डोलेश्वरी साहू, जिला कोषाध्यक्ष भगत राम यादव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वय जीवनलाल साहू, शशि बंसोर, जिला संयुक्त सचिव रजनी जगताप, जिला सलाहकार प्रतिनिधि भरत लाल साहू, जिला संगठन आयुक्त नेमलाल गंगेले एवं हीना भेंसले, सहायक लीडर ट्रेनर योगेंद्र कुमार साहू, जे. रामकरण, डॉ. मंजूषा साहू, गायत्री बोदले, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि ज्योति मगर, कविता साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी एवं मनीष कुमार ध्रुव, स्थानीय संघ कुरूद अध्यक्ष मनीष साहू, विकासखंड सचिव गण दूधेश्वर साहू, मानसिंह कपूर, एस कुमार साहू, गणेश्वर साहू, स्काउटर गाइडर योगिता कंवर, दीपमाला साहू, दुष्यंत सिन्हा, श्याम सुंदर साहू, रूपेश नापित, पूनम यादव, बालमुकुंद साहू, सोमेश गुप्ता, हेमंत जांगड़े एवं बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# निज धाम लौटे महाप्रभु घर घर हुई पूजा अर्चना



■ ग्राम खपरी में रथयात्रा की वापसी, गजामूंग के साथ बटा मिठाई का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम खपरी में धूमधाम से महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा की वापसी हुई। 11 दिनों तक ननिहाल(मां दुर्गा मंदिर) में रहने के बाद रविवार को महाप्रभु अपने निज धाम राधाकृष्ण मंदिर लौट आए। इस दौरान गांव वालों ने भगवान के दर्शन पूजन कर मनोकामना मांगी।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को ग्राम खपरी में धूमधाम से रथयात्रा का उत्सव मनाया गया। इस दिन महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और दाऊ बलभद्र को रथ में सवार कर पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। दुर्गा मंदिर में भगवान का ननिहाल बनाया गया था। यहां पर महाप्रभु ने 11 दिन विश्राम किया। सोमवार को बहुदा रथयात्रा निकाल कर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और दाऊ को उनके निज धाम राधाकृष्ण मंदिर में विराजित किया गया। इस दौरान महाप्रभु की एक झलक पाने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। रथ की डोर खींचने के लिए भी युवाओं में होड़ लगी थी। गांव में जिस गली से भगवान का रथ गुजरता है, लोग घर से बाहर निकलकर पूजा अर्चना कर रहे थे। पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि बहुदा रथयात्रा का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इस दिन भगवान के दर्शन, पूजन से पाप नष्ट हो जाते हैं। सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। बहुदा रथयात्रा के दौरान डमरूधर सिन्हा, संदीप साहू, पंकज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कण्डेल में मोदी के मन की बात के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण

■ मन की बात, विकसित भारत के संकल्प के लिए उर्वरक जैसा : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




भारतीय जनता पार्टी भोथली मंडल के गौरव ग्राम कण्डेल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को एक साथ सुना।

कार्यक्रम में धमतरी विधानसभा प्रभारी एवं पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं. राजेश शर्मा, मंडल प्रभारी महेंद्र पंडित, राजीव सिन्हा, मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल तथा भाजयुमो जिला अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भी विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशहित, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर व्यक्त विचारों को उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना।

पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरणादायी कहानियों को सामने लाकर जनभागीदारी की भावना को और मजबूत कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं. राजेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम, समर्पण और जनसहभागिता से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि मन की बात विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और देशवासियों के उत्साह में उर्वरक का कार्य करती है। यह कार्यक्रम सामाजिक एकता, राष्ट्रीय चेतना और राष्ट्रहित के प्रति जागरूकता को निरंतर सशक्त बनाता है तथा लोकतंत्र में जनता और नेतृत्व के बीच संवाद की एक अनूठी परंपरा को भी मजबूती प्रदान करता है।

इस अवसर पर मंडल प्रभारी महेंद्र पंडित ने युवाओं से संगठनात्मक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने और राष्ट्रहित में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन के कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।

### सिवनीकला हाईस्कूल में एसएमसी का हुआ गठन

**सिर्री**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला में 23 जुलाई को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया और अपने पदों पर आसीन रहकर उसका पूर्णतः विधिवत निर्वहन करने की बात कही। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, डगेश साहू सदस्य नीलकमल साहू सदस्य, संजू तारक, नरेश साहू सदस्य, गायत्री साहू सदस्य, कल्याणी साहू सदस्य, मोनिका साहू सदस्य, धनेश्वरी चंद्राकर सदस्य, बिंदेश्वरी नगरची सदस्य, शिक्षाविद सुशील साहू, सचिव मनोहर शांडिल्य, लता ध्रुव सरपंच उपस्थित रहे।




### ब्राम्हण पारा वार्ड में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

**धमतरी**। ब्राम्हण पारा वार्ड क्रमांक 15 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 136वाँ एपिसोड वार्डवासियों के साथ सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा देश की उपलब्धियों, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रेरणादायक विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना।

इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी नील पटेल, चंद्रकला पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता ईश्वरी पटवा, शंकर कुम्भकार, रामस्वरूप कुम्भकार, खिलेश कुम्भकार, वार्ड पार्षद कोमल सार्वा, मोटू कुम्भकार, थानेश्वरी कुम्भकार, गुनेश्वरी कुम्भकार, जलेश्वरी पटवा, उदय कुम्भकार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।











